06042025-Van-01_Layout 1 4/5/2025 9:54 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



14 राजस्व पखवाड़ा व सुशासन तिहार पर एसडीएम





14 यहां कभी गोलियों की गूंज थी, अब मशीनों की ...




# लाल आतंक से मुक्ति की ओर बस्तर है अग्रसर, जवानों की भूमिका सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर की कला संस्कृति समृद्धि को बस्तर पण्डूम के माध्यम से देश विदेश तक पहुँचाने का एक मंच दिया गया। इस मंच की सफलता से देश के सभी राज्यों के जनजाति संस्कृति, खान पान, वेशभूषा, आभूषण, नृत्य संगीत को प्रोत्साहन देने के लिए सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा । बस्तर संभाग एक समय लाल आंतक से जाना जाता था आज यहाँ जनजातियों की सांस्कृतिक विरासत से सम्बंधित बस्तर पण्डूम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जो कि जवानों के साहस और पराक्रम के कारण ही संभव हो सका है। आज बस्तर के अधिकांश क्षेत्र लाल आंतक से मुक्त हो गए है और विकास की ओर अग्रसर है। इसमें महत्वपूर्ण भूमिका डीआरजी के जवानों, पैरा मिलिटरी फोर्स, कोबरा बटालियन, छत्तीसगढ़ पुलिस की रही है। सुरक्षा कैम्प अंदरूनी इलाकों में स्थापित किए गए तो गाँव नक्सल मुक्त हुए। उन्होंने जवानों की हौसला करते हुए कहा कि लाल आंतक के खात्मे के लिए सरकार हर परिस्थिति में जवानों के ▶▶| शेष पेज 14 पर

## नक्सल हिंसा में घायलों के लिए विशेष अस्पताल की स्थापना रायपुर और जगदलपुर में होगी : शाह



### आपरेशन की जानकारी दी

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की शांति के लिए बहादुर कमांडर काम कर रहे हैं। हमारे केंद्रीय गृह मंत्री के नेतृत्व में नार्थ ईस्ट और 370 धारा को हटाने की पहल की गई। केंद्रीय मंत्री के क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने के संकल्प को हमारा भी पूरा समर्थन है, क्षेत्र की जनता का भी सहयोग मिल रहा है। जवानों से मुलाकात कार्यक्रम में बस्तर फाइटर, कोबरा बटालियन, डीआरजी, एसटीएफ और पुलिस बल के जवानों ने अपने ऑपरेशन की जानकारी दी और क्षेत्र में शांति के प्रयास किए शासन की नीतियों और विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के उपरांत केंद्रीय गृहमंत्री ने जवानों के हाई टी में शामिल हुए। उनके साथ बैठे जवानों से उनका परिचय लेकर बातचीत की।

## नवरात्रि विशेष



### नवमी: सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

समारोह : बस्तर के पारंपरिक व्यंजनों और जीवनशैली का जीवंत प्रदर्शन

# जनजातीय संस्कृति की समृद्ध विरासत बस्तर पंडुम से उजागर : गृहमंत्री शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बस्तर की धरती एक बार फिर अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और जनजातीय जीवनशैली के अद्भुत प्रदर्शन का गवाह बनी। बस्तर पंडूम के अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनजातीय विरासत की सराहना करते हुए विभिन्न जिलों के स्टॉलों का अवलोकन किया।

- संभाग के सातों जिलों के प्रतिभागियों ने व्यंजन और वनोत्पादों किया प्रदर्शित

कार्यक्रम में बस्तर संभाग के सातों जिलों दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, जगदलपुर और कांकेर के जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों द्वारा पारंपरिक व्यंजनों, ▶▶| शेष पेज 14 पर



### मुख्यमंत्री ने दी व्यंजनों की जानकारी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अमित शाह को विभिन्न व्यंजनों की जानकारी दी और बस्तर की सांस्कृतिक विविधता को विस्तार से अवगत कराया।

### अलग-अलग जिले के व्यंजन खास

कोंडागांव में मरा गोरगा (सल्फी), दाड़गो (देशी दारू), तिखुर शरबत जैसी परंपरागत पेय प्रस्तुत किए गए। बीजापुर के स्टॉल में मड़िया पेज, बेल शरबत, जिर्रा शरबत जैसी ठंडी पेय सामग्री का प्रदर्शन किया गया। नारायणपुर ने कोडिल कुसीर, मांट कुसीर, गोरगा सल्फी जैसे खास व्यंजन प्रस्तुत किए। कांकेर में टेठरी, बोबरा रोटी, अरसा, खुरमी जैसे पारंपरिक मिठाइयों और व्यंजनों की प्रदर्शनी लोगों को खूब पसंद आई।

### संस्कृति और स्वाद का अद्भुत संगम

बस्तर पंडूम न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव है बल्कि यह जनजातीय समुदाय के जीवन, स्वाद और पहचान का उत्सव भी रहा। यह आयोजन बस्तर की जीवंत विरासत का प्रतीक बनकर उभरा, जिसने साबित किया कि जनजातीय परंपराएं आज भी प्रासंगिक, समृद्ध और सबको गौरवान्वित करती है।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खूब पसंद आए स्थानीय व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनप्रतिनिधियों के साथ दोपहर भोजन में बस्तर क्षेत्र के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लिया। उन्होंने झुडूंग दाल, कोसरा खीर सैगोड़ा की सब्जी, सुरन की सब्जी, मूंग दाल खट्टा भाजी, मल्टी मिलेट खिछरी, जवाफुल सुगन्धित चावल खट्टा भाजी चटनी, रागी रोटी एवं मूंग दाल खट्टा भाजी जैसे सात्विक भोजन का सेवन किया। अमित शाह को बस्तर के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद खूब पसंद आया। उन्होंने कहा कि मिलेट एवं स्थानीय स्तर पर मिलने वाले उत्पाद से बने भोजन स्वादिष्ट होने के साथ ही पौष्टिक भी होते हैं। उन्होंने व्यंजनों की तारीफ करते हुए व्यापक स्तर पर इसे बढ़ावा देने की बात कही। उल्लेखनीय है कि

- कोसरा खीर और रागी रोटी के साथ खट्टी भाजी ने किया लाजवाब



कोसरा या कुटकी श्री अन्न का एक प्रकार है जो, दंतेवाड़ा में उगाया जाता है। इसमें फाइबर और आयरन जैसे खनिज प्रचूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो इसे पोषक और स्वास्थ्यवर्धक बनाता है। जिले के आदिवासी समुदाय इसे सदियों से जैविक तरीकों से उगाकर अपने भोजन में उपयोग करते आए है। झुडुंग दाल, जिसे (लाल लोबिया) भी कहा जाता है, दंतेवाड़ा में विशेष रूप से उगाई जाती है। प्रोटीन, आयरन और फाइबर से भरपूर यह दाल स्थानीय आहार में सम्मिलित है। इसकी जैविक खेती न केवल पोषण बल्कि कृषि जैव विविधता और आदिवासी संस्कृति को भी संजोए रखती है। इसी प्रकार सूरन, जिसे जिमीकंद ▶▶| शेष पेज 14 पर

# चीतल मांस, टंगिया, चाकू जब्त पर ग्रामीण आरोपी हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के माचकोट रेंज अंतर्गत ग्राम तरईगुड़ा के घर का ताला तोड़कर चीतल का मांस, टंगिया, चाकू आदि वन विभाग की टीम ने शुक्रवार की रात को पहुंचकर जप्त किया। बताया जा रहा है कि 5 ग्रामीण चीतल का शिकार कर मांस का खाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन वन विभाग टीम को पहुंचने से पहले ही गांव से फरार हो गए थे।

- वन विभाग के एसडीओ, रेंजर की टीम पहुंची तरईगुड़ा

प्राप्त जानकारी के अनुसार माचकोट परिक्षेत्र के बीट गार्ड को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम तरईगुड़ा के 5 ग्रामीणों ने चीतल का शिकार कर ग्रामीण के घर में चीतल का मांस बना रहे हैं। इस पर सीसीएफ आरसी दुग्गा, डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देश पर एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश रात्रे एवं माचकोट परिक्षेत्र अधिकारी सूर्य प्रकाश ध्रुव के नेतृत्व में 8 लोगों की टीम 4 अप्रैल की रात लगभग 9 बजे तरईगुड़ा गांव पहुंचे। वहां ग्रामीण के घर में ताला लगा होने से पंचनामा कर ▶▶| शेष पेज 14 पर



### शिकार करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा एवं वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने वन्यजीव अपराध अवैध शिकार रोकने हेतु वन अमलो को तत्पर रहने और स्थानीय लोगों से सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र में अवैध कटाई, वन्यजीवों का शिकार करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में वन विभाग और स्थानीय पुलिस मिलकर फरार आरोपियों को पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है।

# पॉन्ड् मैन पहुंचे गंगामुंडा तालाब व लिया जायजा



**जगदलपुर।** दिल्ली से जगदलपुर पहुंचे पॉन्ड् मैन ऑफ इंडिया रामवीर तंवर ने शनिवार को शहर के गंगामुंडा तालाब सहित अन्य छोटे तालाबों का निरीक्षण किया। महापौर संजय पाण्डे का दंतेवाड़ा प्रवास होने की वजह से सभापति निर्मल पाणिग्रही, संजय विश्वकर्मा, लक्षण झा सहित पार्षद श्याम सुंदर बघेल,आशा साहू निगम अमले के साथ तालाब पहुंचे। वहां उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा तालाबों में जलकुंभी एक बड़ी समस्या है, लेकिन तालाबों को जलकुंभी से मुक्त किया जा सकता है। मालूम हो कि नोएडा से पहुंचे पॉन्ड् मैन ने अब तक कई तालाबों का जीर्णोद्धार किया है। इसी को देखते हुए महापौर संजय पाण्डे ने शहर के दलपत सागर, गंगामुंडा तालाब सहित अन्य छोटे तालाबों के संरक्षण के लिए उन्हें बुलाया है। जिसकी सफाई व संरक्षण के लिए कई टीम एक साथ काम करेंगे। जलकुंभी को साफ करना एक बड़ी चुनौती होगी। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, महापौर ▶▶| शेष पेज 14 पर

## खबर संक्षेप

### बेमौसम वर्षा से महुआ संग्राहकों को नुकसान



**गीदम।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान मुताबिक दंतेवाड़ा जिले के कुछ इलाकों में गुरूवार की शाम मध्यम बारिश हुई। मौसम के बदले मिजाज से जहाँ गर्मी से राहत मिली। वहीं महुआ संग्राहकों को नुकसान की खबर है। चैत्र नवरात्रि के दौरान एकाएक जिले का मौसम बदल गया है। ब्लॉक मुख्यालय गीदम सहित बारसूर कस्बा से लगे कई गाँव में गुरूवार की शाम हवा चलने के साथ बारिश हुई। शुक्रवार को भी दोपहर तक आसमान ▶▶| शेष पेज 14 पर

जिले में पहली बार आयोजित हुई जसगीत प्रतियोगिता

# जसगीत प्रतियोगिता में मातारानी की महिमा ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंचल तेजी से विलुप्त हो रहे जसगीत विधा को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से पतंजलि योग समिति और सर्व हिन्दू समाज के तत्वाधान में दंतेश्वरी मदिर के सामने बस्तर जिले में पहली बार जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- पतंजलि योग एवं सर्व हिन्दू समाज ने किया आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, अध्यक्षता बचेका अध्यक्ष श्याम सोमानी, विशिष्ट अतिथि सर्व हिन्दू समाज के सचिव रंजीत पांडे, पूर्व पार्षद दीप्ती पांडे रहे। कार्यक्रम का संयोजन पतंजलि योग के प्रान्त प्रमुख डॉ मनोज पानीग्राही ने किया। कार्यक्रम क़ी शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ दंतेश्वरी व भारत माता के छायाचित्र पर मत्यार्पण व दीप प्रज्वलन का नौ कन्याओ का विधिवत पूजन का किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे ने कहा कि नई पीढ़ी को छग क़ी संस्कृति और पारम्परिक महत्व के विषयों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिये आयोजन समिति प्रशंसा के पात्र है। छग क़ी पारम्परिक विधाओं को संरक्षित करने क़ी आवश्यकता हैं, क्योंकि यही हमारी पहचान है। देर रात तक संकड़ों क़ी संख्या में श्रोतागण जसगीत के साथ झूमते रहे। स्पर्धा में प्रथम स्थान बजरंग मानस मण्डली धरमपुरा, द्वितीय जय नवदुर्गा सेवा भजन मण्डली कांगोली, तृतीय जय भवानी भजन मण्डली जगदलपुर व सांत्वना पुरस्कार माँ दंतेश्वरी बस्तरहिन मानस ▶▶| शेष पेज 14 पर








नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।


प्रभु श्री राम के प्रकटोत्सव
श्री रामनवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
विक्रम संवत् 2082, चैत्र शुक्ल नवमी तिथी (श्री राम नवमी)
श्री रामनवमीं भव्य शोभायात्रा
दिनांकः 06 अप्रैल 2025, रविवार, समयः दोपहर 3:00 बजे से
स्थानः माँ दन्तेश्वरी मंदिर, जगदलपुर
विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आहूत श्री रामनवमीं की भव्य शोभायात्रा में आप समस्त सनातनी सादर आमंत्रित हैं।
धर्मचंद शर्मा
जिलाध्यक्ष
सर्व हिन्दू समाज बस्तर
अशोक अरोरा
पूर्व जिलाध्यक्ष
सर्व हिन्दू समाज बस्तर
रंजीत पाण्डे
जिला सचिव
सर्व हिन्दू समाज बस्तर
एल ईश्वर राव
पूर्व जिला सचिव
सर्व हिन्दू समाज बस्तर
विनीत- सर्व हिन्दू समाज बस्तर जिला


।। जय श्री राम ।।
सक्षम
सनातन क्षेत्रीय मंच
सक्षम (सनातन क्षेत्रीय मंच) परिवार की ओर से
आप सभी सनातनियों को
श्री रामनवमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


विश्व हिन्दू परिषद
धर्मो रक्षति रक्षितः
प्रभु श्री राम के प्रकटोत्सव
रामनवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
विक्रम संवत् 2082
चैत्र शुक्ल नवमी तिथी
श्री राम नवमी
आमंत्रण
श्री रामनवमीं भव्य शोभायात्रा
दिनांकः 06 अप्रैल 2025, रविवार, समयः दोपहर 3:00 बजे से
स्थानः माँ दन्तेश्वरी मंदिर, जगदलपुर
विश्व हिन्दू परिषद
जगदलपुर में होने वाले रामनवमीं की भव्य शोभायात्रा
में आप सभी रामभक्तों को आमंत्रित करते हैं।
आचार्य राकेश कुमार
रवि ब्रम्हचारी
प्रांत विभाग मंत्री
शंकर गुप्ता
जिलाध्यक्ष विहिप
अमन शर्मा
जिला मंत्री विहिप
नवीन देवांगन
कोषाध्यक्ष विहिप
योगेन्द्र कौशिक
जिला विशेष संपर्क प्रमुख
जागेश्वर साहू
जिला उपाध्यक्ष
प्रेम चालकी
जिला उपाध्यक्ष
पवन राजपूत
नगर अध्यक्ष विहिप
श्रीनिवास रेड्डी
जिला मीडिया प्रभारी
सुरेन्द्र तिवारी
कार्यकारिणी सदस्य
सिकंदर कश्यप
विभाग संयोजक बजरंग दल

# रामनवमी पर निकलेगी भव्य-दिव्य शोभायात्रा गूंजेगा जय श्री राम का जयकारा

## नागपुर से शिव गर्जना दल के 60 कलाकारों का नृत्य भाव भंगिमा रहेगा आकर्षक का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्ल नवमी (श्री राम नवमी) तिथि रविवार 6 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल समेत सनातनी हिंदुओ के नेतृत्व में शहर में भव्य-दिव्य शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा में नागपुर से पहुंचे 60 दलो का शिव गर्जना दल आकर्षक का केंद्र रहेगा। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष शंकर

■ अंचल के समस्त सनातनियों को पूरे परिवार के साथ शोभायात्रा में सम्मलित होने का आव्हान

गुप्ता शनिवार को सीताराम शिवालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। गुप्ता ने बताया शोभायात्रा में अलग विशेष श्री राम झांकी भी सम्मलित होगा। शोभायात्रा माँ दंतेश्वरी मंदिर से प्रारम्भ होकर

इस वर्ष शोभायात्रा में 360 घर अरण्यक ब्राह्मण समाज एवं बस्तर क्षत्रिय राजपूत धाकड़ समाज की शोभायात्रा सम्मलित होंगे। शोभायात्रा माँ दंतेष्वरी मंदिर के सिंहदयोढ़ी से प्रारम्भ होकर पैलेस रोड,हनुमान मंदिर चौक, कृष्णा पेट्रोल पंप चौक, कलेक्टरेट रोड,चांदनी चौक, शहीद पार्क, स्टेट बैंक चौक, मेंन रोड होते हुए जयस्तम्भ चोक गोल बाजार,भगवान जगन्नाथ मंदिर से होते हुए वापस दंतेश्वरी मंदिर में महाआरती व प्रसाद वितरण के पश्चात सम्पन्न होगा। विहिप जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता ने बताया चैत्र नवरात्र प्रतिपदा दे अष्ठमी तिथि तक विहिप,बजरंग दल,दुर्गावाहिनी के द्वारा स्कूटी रैली,बाइक रैली,चुनरी यात्रा शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के समस्त 7 प्रखंडों में जनजागरण आमंत्रण रैली के माध्यम से 6 अप्रैल को जगदलपुर में श्री राम नवमी पर्व पर भव्य शोभायात्रा में सम्मलित होने आमंत्रण दिया गया। खासकर गांव देहात में निवासरत सनातनियो को साथ को जोड़ा जाएगा। विहीप के द्वारा समूचे शहर व गांव-गांव में भगवान श्री राम के भक्ति वातावरण निर्मित करने के लिए सभी प्रखंड में केशरिया ध्वज लगाया गया।उन्होंने श्री राम नवमी धार्मिक आयोजन में बस्तर जिले के सभी सनातनियो से अधिक से अधिक संख्या में सम्मलित होने का आग्रह किया है। प्रेसवार्ता में नगर मंत्री अमन शर्मा,नवीन देवांगन,नगर प्रमुख पवन राजपूत,उमा गुप्ता,अनिल अग्रवाल,सुरेंद्र तिवारी व जबिता

### सभी के सहयोग से शोभायात्रा

विहीप के प्रांत विभाग प्रमुख रवि ब्रम्हचारी ने बताया श्री राम नवमी शोभायात्रा सभी के सहयोग हर वर्ष बड़े उत्साह के साथ किया जाता है। बस्तर जिला मुख्यालय में निकलने वाला शोभायात्रा विशेष होता है। शोभायात्रा के साथ अलग अलग झांकी सम्मलित होगा। योगेन्द्र कोशिक ने कहा हर वर्ष प्रभु श्री राम नवमी का इंतजार रहता है। सभी राम भक्त इस पावन दिन के प्रतीक्षा में रहते है। उन्होंने समस्त सनातनी हिंदुओ को अपने अपने घर मे श्री राम ध्वज लगाने,घर के आंगन में रंगोली सजाने और 5 द्वीप प्रजवलित करने का आव्हान किया है। साथ समस्त सनातनी हिंदुओ को घर मे ताला लगाकर शोभायात्रा में सम्मलित होने का आग्रह किया है।

## शहर में निकली शोभायात्रा...



जगदलपुर। शहर में शनिवार को रामनवमी पर कान्य कुब्ज वैश्य (भुंजवा) समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महिलाएं, युवा एवं बच्चे डीजे के साथ नृत्य करते हुए दिखे।

## सांसद ने जाना घायलों का हाल



**जगदलपुर।** बस्तर पंडुम कार्यक्रम में जा रहे कार्यकर्ताओं से भरी वाहन पालनार में पलट गई थी, जिसके चलते कई लोगो को चोट पहुँची थी। इस घटना में घायल लोगो से दन्तेवाड़ा जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज डिमरापाल अस्पताल पहुँचकर सांसद महेश कश्यप ने उनका कुशलक्षेम जाना है। साथ ही डॉक्टरों को बेहतर ईलाज हेतु निर्देशित भी किया है।

# विधायक विनायक के समक्ष ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत कुरेंगा विकासखंड तोकापाल के जनपद सदस्य शांति नाग के नेतृत्व में चित्रकोट विधायक के कार्यालय धर्माउर में विधायक विनायक गोयल की उपस्थिति में बोलो मौर्य, कमलू मौर्य, तुलसी मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी का सदस्या ग्रहण किया। भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रेरित होकर ग्राम पंचायत कुरेंगा, विकासखंड तोकापाल की जनपद सदस्य शांति नाग के नेतृत्व में विधायक विनायक गोयल के कार्यालय धर्माऊर में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोलो मौर्य, कमलू मौर्य, तुलसी मौर्य सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की विचारधारा एवं योजनाओं को स्वीकार करते हुए भाजपा के साथ अपने भविष्य को जोड़ने का संकल्प लिया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में शांति नाग ने भाजपा की नीतियों और जनहितकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा की सरकार ने हमेशा गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के लिए योजनाओं का संचालन किया है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।


## दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आत्मीय स्वागत...








**जगदलपुर।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बीएसएफ के एयरक्राफ्ट से दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भाजपा नेताओं समेत कलेक्टर, एसपी ने पुष्प देकर आत्मीय स्वागत किया। स्वागत के उपरांत वे हेलीकाप्टर से दंतेवाड़ा रवाना हो गए। एयरपोर्ट पर तगड़ी सुरक्षा होने के कारण गिनती के भाजपा नेताओं को ही प्रवेश दिया गया। इसलिए कई नेता मायूस नजर आए। वे एयरपोर्ट के बाहर पहुंचे थे लेकिन लिस्ट में नाम नहीं होने के कारण कई नेताओं को प्रवेश नहीं मिल सका।



# यहां कभी गोलियों की गूंज थी, अब मशीनों की आवाज आती है: गृहमंत्री शाह

अविनाश गोस्वामी ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा में आयोजित बस्तर पंडुम में अमित शाह ने कहा कि इस साल 'बस्तर पंडुम' बस्तर के उत्सव के रूप में मनाया गया है, लेकिन मैं मोदी जी का संदेश लेकर आया हूं। अगले साल बस्तर पंडुम– यही नाम के साथ देश के हर आदिवासी जिले से कलाकारों को हम यहां लाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आदिवासियों के लिए बेहतर काम किया है। उनका यह प्रयास सराहनीय है। हम बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने दुनियाभर के राजदूत को बस्तर लाएंगे।

देश को आजाद हुए 75 साल हो गए थे, कोई आदिवासी देश का राष्ट्रपति नहीं बना था। नरेंद्र मोदी ने ओडिशा की गरीब आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने का काम किया। अगली बार जब बस्तर पंडुम मनाया जाएगा, मैं और विष्णुदेव साय विनती करना चाहता हूं कि राष्ट्रपति आएं और शोभा बढ़ाएं। बस्तर पंडुम में हम सब शामिल हो रहे हैं। यह नई शुरुआत है। हमारे मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने बहुत परिश्रम कर विकास लाने का प्रयास किया है। यहां कभी गोलियों की गूंज थी, अब मशीनों की आवाज आती है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि विकास का मतलब है सुकमा का कोई सब इंस्पेक्टर बन जाए, बस्तर से बैरिस्टर बने, दंतेवाड़ा से डाक्टर बने, कांकेर से कलेक्टर बने। ऐसे बस्तर का हमें विकास करना है, निर्माण करना है। सपने सच होते हैं, इसी जीवन में होते हैं, अगर हम इसके लिए निष्ठापूर्वक काम करते हैं।

### बस्तर भय का नहीं भविष्य का पर्याय

शाह ने कहा कि बस्तर अब भय का नहीं भविष्य का पर्याय बनेगा। मैं पहले भी आया था, सभाएं करने के लिए, लेकिन रोक लिया जाता था। मुख्यमंत्री कहते थे आप मत जाइए... आज धड़ल्ले के साथ 50 हजार आदिवासियों के सामने राम नवमीं और अष्टमी का उत्सव मना रहे हैं। बस्तर पंडुम में हम सब शामिल हो रहे हैं। यह शुरुआत हुई है यह हमारे मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने बहुत परिश्रम कर विकास लाने का प्रयास किया है। यहां कभी गोलियों की गूंज थी, वहां मशीनों की आवाज आती है।

## बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने दुनियाभर के राजदूत को बस्तर लाएंगे

### पहली बार इतना बड़ा सास्कृतिक आयोजन

अमित शाह ने कहा कि 12 मार्च से लेकर आज तक जिला प्रशासन और संस्कृति विभाग ने पांच करोड़ का आवंटन किया है, जो सबसे पहला इतना बड़ा संस्कृतिक आयोजन है। स्थानीय कला और संस्कृति, पारंपरिक लोक कलाएं, शिल्प, तीज-त्योहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक गीत-संगीत, व्यंजन, पेय पदार्थ-इन सभी को मूल रूप में संवंर्धित और संरक्षित करने का काम यह पंडुम करेगा। बता दें कि यह इस पूरे आयोजन की रूपरेखा दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने तैयार की थी, जिसे मुख्यमंत्री और अफसरों ने काफी सराहा था।



### विकास की प्रक्रिया में भागीदारी बनिए

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये जो दुष्प्रचार करते हैं कि हमारे युवाओं को मारते हैं। किसी को कोई मारना नहीं चाहता। कितने भी काम किए हो हथियार डाल दो, मुख्य धारा में आ जाओ. आपका पूरा संरक्षण भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार करेगी. लेकिन अब आप हथियार उठाकर, पूरे बस्तर को बैन कर आदिवासियों का विकास नहीं रोक सकते। हथियार डालकर शरण में आ जाइए... आप भी विकास की प्रक्रिया में भागीदार बनिए।

### तेंदूपत्ता के लिए मिलेगा अब 5500 रुपये

अमित शाह ने कहा कि इस बार बस्तर पंडुम 7 श्रेणियों में मनाया गया है। अगली बार 12 श्रेणियों में मनाएंगे और देशभर के आदिवासी यहां पर आएंगे। आयोजन में शामिल सभी लोगों को बधाई देना चाहता हूं। प्रदेश के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री के तौर पर विष्णुदेव साय को मंच पर आमंत्रित करते हुए कहा कि तेंदूपत्ता अब 5500 रुपये पर अब सीधे सरकार खरीदेगी। कोई दलाल के पास आपको नहीं जाना पड़ेगा। जो लाल आतंक फैलाने वालों के डर से वो ले जाते थे, विष्णुदेव सीधे आपके बैंक अकाउंट में डालने का काम करेंगे।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 अप्रैल तक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी जो छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर अन्य राज्य के शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2024–25 सत्र में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन आमंत्रित की गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी 03 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं।सेक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 21 – सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया वेबसाइट पर की जा रही है। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन नवीन व नवीनीकरण के लिए अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025, ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने और सेक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त ने बताया कि निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। विद्यार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे समय पर सभी आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी करें, ताकि वे छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकें।

### दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए मासिक एवं न्यूनतम दैनिक वेतन निर्धारित

**कोण्डागांव।** श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अंतर्गत अधिसूचित नियोजनों, शासकीय दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों तथा कृषि श्रमिकों हेतु सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित की गई है, जिसमें कोण्डागांव जिले को जोन' 'स'' में रखा गया है। यह निर्धारित दरें 1 अप्रैल 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक देय होगा। श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि श्रमिकों में अकुशल कृषि श्रमिक वर्ग के लिए मासिक 09 हजार 180 रूपए तथा 306 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन नियत है। अनुसूचित नियोजनों के लिए अकुशल श्रेणी में मासिक 10 हजार 656 रूपए तथा 410 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन नियत है। अर्द्धकुशल श्रेणी में मासिक 11 हजार 306 रूपए तथा 435 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन नियत है। कुशल श्रेणी में मासिक 12 हजार 86 रूपए तथा 465 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन नियत है। उच्च कुशल श्रेणी में मासिक 12 हजार 866 रूपए तथा 495 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन नियत है। इसी प्रकार शासकीय विभागों में नियोजन के लिए अकुशल श्रेणी में मासिक 10 हजार 656 रूपए तथा 355.20 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। अर्द्धकुशल श्रेणी में मासिक 11 हजार 306 रूपए तथा 376.87 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन नियत है।

बैठक : तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

# राजस्व पखवाड़ा व सुशासन तिहार पर एसडीएम ने ली बैठक

बैठक में विभागीय अधिकारी-कर्मचारीयों को राजस्व कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

राज्य शासन के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा एवं सुशासन तिहार-2025 को लेकर फरसगांव अनुविभाग के समस्त मैदानी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को 05 अप्रैल शनिवार को जनपद पंचायत के सभा कक्ष में फरसगांव अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अश्वन कुमार पुसाम के द्वारा अनुभाग स्तरीय बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम ने अधिकारियों को राजस्व कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और प्रक्रियाओं को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को त्वरित और सुचारू सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी कार्यों का समयबद्ध निपटारा आवश्यक है, साथ ही, उन्होंने आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर राजस्व मामलों को सरल और प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सीमांकन कार्यों में तेजी लाने, नक्शा बटांकन में सटीकता सुनिश्चित करने और अभिलेखों की त्रुटिरहित प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। किसानों की रजिस्ट्रियों को समय पर पूर्ण करने पर भी विशेष जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में राजस्व पखवाड़ा तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा जिसमें पहला चरण 07 से 21 अप्रैल तक, दूसरा चरण 13 से 27 मई तक और तीसरा चरण 16 से 30 जून तक चलेगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे राजस्व पखवाड़ा के तहत लंबित मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करें।





### सुशासन तिहार 2025

राज्य में सरकार द्वारा सुशासन तिहार 2025 मनाया जाएगा। यह आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक लोगों से आवेदन लिए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं एवं एक पोर्टल बनाया जा रहा है।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक के दौरान फरसगांव नायब तहसीलदार निधि नेताम, नगर पंचायत सीएमओ , राजस्व निरीक्षक गुमान सिंह दीवान ,समस्त हल्का पटवारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी शेषमणि पांडे, समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समस्त रोजगार सहायक ,समस्त पशु चिकित्सा क्षेत्रीय अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग के बीआरसी अशोक मरकाम व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी सहित समस्त विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# रामनवमी की रैली को देखते हुए संगठन प्रमुखों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

श्रीरामनवमी के अवसर पर रविवार को निकलने वाली शोभायात्रा व रैली को देखते हुए पुलिस द्वारा सभी हिन्दू संगठन प्रमुखों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया। विशेषकर डीजे में ध्वनि सीमा, तलवार रखने के संबंध में व महिला सुरक्षा के संबंध में की चर्चा कर आवश्कक निर्देश दिया गया।

■ डीजे की ध्वनि सीमा, तलवार रखने और महिला सुरक्षा पर की चर्चा

जानकारी के मुताबिक रविवार को होने वाली रामनवमी रेली के मद्देनजर सीएसपी द्वारा बैठक ली गई जिसमें बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, सक्षम एवं अन्य समाज के प्रतिनिधि शमिल हुए। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में आगामी रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा व रैली शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्ण मनाए जाने के उद्देश्य से हिन्दू संगठनों को समझाइश दी गई। यह बैठक एएसपी माहेश्वर नाग के पर्यवेक्षण में सभी संगठनो की बैठक सीएसपी द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह की उपस्थिति में शाति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे जगदलपुर शहर के बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, सक्षम एवं अन्य संघठन के लगभग 30 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में रैली व शोभायात्रा के दौरान डीजे में ध्वनि सीमा, तलवार रखने के संबंध में, महिला सुरक्षा के संबंध में, यातायात के संबंध में, रोड व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई तथा इस दौरान डीजे में फूहड़ गाने का उपयोग नहीं करने के संबंध में तथा असामाजिक तत्व के संबंध में सतर्क रहने हिदायत दिया गया।

# श्रमिकों के पंजीयन के लिए लगाए जा रहे मोबाइल कैम्प

पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए आवश्यक मूल दस्तावेज लाना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के विभिन्न विकासखण्डों में श्रम विभाग के द्वारा मोबाइल कैम्प लगाकर श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं का आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया जाएगा। पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए आवश्यक मूल दस्तावेज आधारकार्ड परिवार के सभी सदस्यों का, राशन कार्ड, बैंकपासबुक, मोबाईल साथ लायेंगे एवं असंगठित कर्मकार के पंजीयन हेतु आय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रमिक पंजीयन के लिए मोबाईल कैम्प का आयोजन कोण्डागांव विकासखण्ड में 07 अप्रैल 2025 को ग्राम ईदागांव, लेमड़ी और केवटी में, फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत कुल्हाड़गांव, केशकाल विकासखण्ड जागगांव, बड़ेराजपुर विकासखण्ड अंतर्गत चिचाड़ी में, 15 अप्रैल 2025 को माकड़ी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम उलेरा, कोसाहरदुली, कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम चिचपोलंग, फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम जैतपुरी, केशकाल विकासखण्ड के ग्राम अडेंगा, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम पलना में किया जाएगा।

### 21 अप्रैल को ग्राम किबईबालेंगा में लगेगा शिविर

*इसी प्रकार 21 अप्रैल 2025 को कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम किबईबालेंगा, बनजुगानी, पलारी, फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम सिरसीकलार, केशकाल विकासखण्ड के ग्राम ठाकुरपारा, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम मारंगपुरी में तथा 28 अप्रैल 2025 को माकड़ी विकासखण्ड के ग्राम उडेंगा, जड़कोंगा, कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम बुनागांव, फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम गदराबेड़ा, केशकाल विकासखण्ड के ग्राम प्रधानचर्रा, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम खजरावण्ड में शिविर का आयोजन किया जाएगा।*

# प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 20 को

फोटोयुक्त मूल आईडी प्रूफपरीक्षा केन्द्र में लाना होगा अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रें के विद्यार्थियों के लिए प्रयास बालक व कन्या आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025–26 की कक्षा 09वीं में प्रवेश हेतु 20 अप्रैल को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के लिए प्रवेश जारी कर दी गई है।

विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उक्त परीक्षा 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी, वहीं परीक्षर्थी को परीक्षा के एक घंटे पूर्व प्रातः 9 बजे उपस्थिति देनी होगी। आदिवासी विकास विभाग द्वारा परीक्षाथिंयों को निर्देशित किया गया है कि वे सम्पूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के दो फोटो सहित प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हो जावें। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आईडी प्रूफ जैसे आधार कार्ड, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र इत्यादि परीक्षा दिवस मे परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### इलेक्टॉनिक्स सामग्री ले जाया जाना पूर्णतः वर्जित

*परीक्षार्थियों केवल नीले या काले बॉलपाईट पेन का उपयोग करेंगे। परीक्षार्थियों को कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, पर्स, पाउच, स्कार्फ अथवा इलेक्टॉनिक्स सामग्री ले जाया जाना पूर्णतः वर्जित है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में कठिनाई होती हैं तो संबंधित जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कलेक्ट्रेट से प्रातः 10 बजे से सायं 05.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।*

## पेज 11 के शेष

### लाल आतंक से ....

साथ है। हमने सूचना तंत्र को मजबूत किया है ताकि तत्काल सूचनाएं मिल सकें। नक्सल हिंसा में हमारे कई जवान घायल होते है उनके लिए विशेष अस्पताल की स्थापना रायपुर और जगदलपुर में की जाएगी। वे पुलिस लाइन में सफल ऑपरेशन के जवानों से मुलाकात की । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर पण्डूम कार्यक्रम के समापन समारोह पर हमारे केंद्रीय मंत्री का आना परम सौभाग्य है। उन्होंने जब भी छत्तीसगढ़ का दौरा किया हमेशा हौसला बढ़ाने का काम किया है। वीर जवानों के इस मुलाकात कार्यक्रम में आप सभी ने अपने अनुभव साझा किए, जो क्षेत्र में शांति में आप अपना साहस दिखाया है उसको नमन। उन्होंने जवानों को सफल ऑपरेशंस के लिए बधाई दी।

### जनजातीय संस्कृति ....

पेय पदार्थों, स्थानीय साग-सब्जियों और वनोत्पादों की प्रस्तुति की गई। इस आयोजन का उद्देश्य बस्तर की जनजातीय समृद्ध संस्कृति और परंपरा को राष्ट्रीय और वैश्विक पटल पर लाना और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना है।

**जनजातीय व्यंजनों की सराहना की :** अमित शाह ने न केवल व्यंजनों और उत्पादों को निहारा, बल्कि स्थानीय लोगों से आत्मीय संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति, खानपान और जीवनशैली देश की अनमोल धरोहर है, जिसे देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने जनजातीय समाज के योगदान की सराहना करते हुए उनकी परंपराओं को संरक्षित रखने पर बल दिया।

**हर जिले की खास पेशकश:** सुकमा जिले के स्टॉल में केकड़ा चटनी, बेसुका चटनी, बोदय चटनी, झिमा मिनी चखना, नुगुर राबा, चावा (पेज), पूली मेल, लंदा, सेल्फी जैसी अनूठी पारंपरिक चीजें प्रस्तुत की गईं। दंतेवाड़ा में जाटा जावा, जुड़क जावा, दूसा जावा, कोहला जावा जैसे पारंपरिक पेय पदार्थ आकर्षण का केंद्र रहे। जगदलपुर ने सल्फी, छिंद रस, सुराम, चाऊर भाजा, तिखुर पालो, भेंड़ा टोप शरबत, नीम फुल सब्जी आदि व्यंजनों से लोगों का मन मोह लिया।

### केंद्रीय गृह मंत्री ...

भी कहा जाता है, दंतेवाड़ा में पारंपरिक रूप से उगाया जाने वाला कंद है। इससे बने सब्जी, चिप्स एवं अचार प्रसिद्ध हैं, और यह पाचन व रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए फायदेमंद माना जाता है। यह पोषक तत्वों से भरपूर होता है और फाइबर, आयरन व एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा स्रोत है। सूरन की सब्जी स्थानीय लोगों में एक प्रचलित व्यंजन है।

### बेमौसम वर्षा से ....

में बादल छाए रहे। बारिश होने से तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली। वहीं महुआ संग्राहकों को नुकसान उठाना पड़ा। खलिहान में संग्रहित महुआ पानी में भीग कर सड़ गए। अब संग्राहकों को इसका कोई लाभ नहीं मिलेगा। आदिवासी संग्राहक कमलू ने बताया कि महुआ सीजन में साफ मौसम और तेज गर्मी जरूरी है। अन्यथा महुआ कम गिरता है। साथ ही नए पत्ते आ जाते हैं और महुआ में टोरा फलन का अगला चरण शुरू हो जाता है।

### चीतल मांस, टंगिया, ....

ताला तोड़कर घर के अंदर पहुंचकर निरीक्षण किया, जहां चूल्हे में दो गंज मांस मिला, घर के बाहर टंगिया, चाकू मिला। मांस, दो गंज, टंगिया, चाकू को जप्त कर वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। गांव के ग्रामीणों से बातचीत की, पता चला कि जो घर में मांस मिला वहां का ग्रामीण सहित पांचों ग्रामीण फरार हो गए थे।

### पॉन्ड् मैन पहुंचे ...

संजय पाण्डे, बस्तर कलेक्टर हरिस एस, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, सहित नगर निगम विभाग ने इसे गंभीरता से लिया है। स्थानीय स्तर पर जो संसाधन की आवश्यकता होगी उसे पूरा करने जिला प्रशासन ने अपनी हामी भरी है।

### जसगीत प्रतियोगिता में ....

मण्डली ने प्राप्त किया। सभी टीमों को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक टीम में रतन व्यास, डॉ सुषमा झा, संजय तिवारी तथा नीलमणी साहू रहे। कार्यक्रम का संचालन कविता बिजोलिया व आरके नायडू ने किया। उक्त कार्यक्रम के सहयोगी टीम के रूप में शहर के सुर रत्न म्यूजिकल ग्रुप, गुंजन ग्रुप, सुरसंगम ग्रुप, तरंग म्यूजिकल ग्रुप, लाइव म्यूजिकल ग्रुप तथा उत्कर्ष ग्रुप रहे। जसगीत स्पर्धा के पश्चात माता के भजनों क्री प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में इला हरिप्रसाद राव, मान कोराम, रविंद्र हेमनानी, मनोज चंद्रा, वैभव यादव, रेखा परमार, राकेश खापर्डे, मंजू लुक्कड़ रानी शर्मा, आदि का विशेष योगदान रहा।


HEALTH TOWN


K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा , कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
CERTIFIED ISO 9001

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान की कटाई-मिंजाई के लिए
100% Swadeshi
ACE Ultra Track Harvester
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता –
मे. सांई ट्रेक्टर्स
सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला–धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव


राम जिनका नाम है
अयोध्या जिनका धाम है
ऐसे रघुनंदन को
मेरा बारंबार प्रणाम है
क्रोध को जिसने जीता है
जिनकी भार्या सीता है
जिनके चरणों में है हनुमंत लला
वो मर्यादा पुरुषोत्तम राम है
आप सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान
श्री रामलला के जन्मोत्सव
श्री रामनवमी
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
राजेश झा
(कन्हैया)
सचिव, बस्तर परिवहन संघ


|| जय श्री राम ||
श्री रामनवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
बंसल नर्सिंग होम फर्टिलिटी सोनोग्राफी एवं
एडवांस आई केयर सेन्टर
अति आधुनिक सर्व सुविधायुक्त नेत्र चिकित्सालय
लेजर एवं फेको
नेत्र चिकित्सालय
बालाजी वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, छग.
फोन- 223589, 9425590111
सुविधाएं
फेको सर्जरी
मोतियाबिन्द की सर्वश्रेष्ठ विधि फेको है, फेको विधि में 2.8 मि.मि. के छोटे से चीरे द्वारा फोल्डेबल लैंस का प्रत्यारोपण कर तुंरत छुट्टी दी जाती है (इनमें भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती)
ग्रीन लेजर
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, सिकलसेल के मरीजों को रेटीना में खून के धब्बों का विशेष इलाज (मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है)
फ्लोरोसिन एंजियोग्राफी
डायबिटिक रेटिनोपेथी, मेक्यूलोपेथी व उम्र के कारण परदे की बिमारी की फोटोग्राफी की सुविधा
यॉग लेजर
कांच बिन्द एवं मोतियाबिन्द झिल्ली का विशेष इलाज
नेत्र परीक्षण
जापानी कम्प्यूटर द्वारा नेत्र परीक्षण व नम्बर जांच की सुविधा
कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण
मल्टीफोकल फोल्डेबल लैंस प्रत्यारोपण
साइनेप्टोफोर
तिरछापन व नेत्र पेशियों की कमजोरी का इलाज व एक्सरसाइज
सोनोग्राफी
बी. स्केन. कलर डापलर
कॉन्टेक्ट लैंस
सॉफ्ट एव रंगीन लैंस
डॉ. मनीष बंसल
M.S (Ophthalmology)
नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको एवं लेजर सर्जन
रजि. नं.- CGMC 9715/2020
पूर्व असिस्टेन्ट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा
महाविद्यालय सह महारानी हॉस्पिटल
अत्याधुनिक जापनी कम्प्यूटर NIDEK (आटोरिफ्रेक्टर) द्वारा आंखों की जांच एवं चश्में की जांच
मोतियाबिंद का फेको पद्धति एवं फेको मशीन से बिना टाँका ऑपरेशन द्वारा लैंस प्रत्यारोपण (IOL)
रैटिना (पर्द) की पूरी जांच एवं इलाज (90-D Slit Lamp Biomicros-copy. Indirect Ophtholmoscopy)
Synaptophore द्वारा आँखों के भैगेपन (Squint) की जाँच एवं आँखो के विशेष व्यायाम
Non Contact Tonometer द्वारा आँखों के दबाव की अत्याधुनिक जाँच (INTRAOCULAR PRESSURE)
कालापानी (ग्लूकोमा) कीक जाँच, इलाज एवं ऑपरेशन
कम्प्यूटराईज्ड ऑटोमेटिक पैरीमीटरी द्वारा आँखों की नस एवं दायरे (विजुअल फीड) की विस्तृत जाँच
B-Scan (कलर डाफ्लर) A-Scan, केरोमीटर (Kerotometer) एवं कांटेक्ट लैस सुविधा
बंसल नर्सिंग होम थ्री-डी कलर सोनोग्राफी एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर,
बालाजी वार्ड, जगदलपुर, फोन- 07782-224020/ 231882


निःसंतान दंपत्तियों
के लिए एक विश्वसनीय सेंटर
निःशुल्क परामर्श
09 से 20 अप्रैल 2024 तक
उपलब्ध सुविधाएं
• IUI • IVF • ICSI
• लेप्रोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • ब्लॉस्टोसिस्ट
• फर्टिलिटी जांच • डोनर सर्विसेज
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
डॉ. श्रीमती एस. बंसल
MBBS, MD (O/G), Director IVF Center
वरिष्ठ प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ,
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
विगत 10 वर्षो से 1600 से अधिक
दम्पत्तियों ने पाया संतान सुख
निःशुल्क परामर्श हेतु आज ही कॉल करें
पंजीकरण हेतु संपर्क करें- मो. 9425258201
परामर्श हेतु कौन दम्पत्ति संपर्क कर सकते है?
बंद ट्यूब (Falloplan Tubes)
पुरूषों के वीर्य में शुक्राणुओं की मात्रा कम अथवा निल होना
शुक्राणु की गतिशीलता, गुणवत्ता में कमी एवं आकार में खराबी
अण्डों का न बनना अथवा समय पर न फूटना (PCOD)
चॉकलेट सिस्ट (Emdometriosis) ओवरी सिस्ट (Ovarian Cyst)
बच्चेदानी में गांठ (Fibroid), बच्चेदानी में दीवार (Septum)
माहवारी बंद होना माहवारी का अनियमित होना
महिला नसबंदी, पुरूष नसबंदी
बार-बार गर्भपात होना (Miscarriage Clinic)
पहले IVF का असफल होना दो-तीन IUI असफल होना
सभी जाँच रिपोर्ट सामान्य होने पर भी संतान का न होना
निःसंतान दंपत्तियों के लिए
निःशुल्क परामर्श
7 अप्रैल से 30 अप्रैल
सुलभतम पैकेज में
अधिकतम सफलता
पैकेज 85000/- से शुरू
निःसंतानता को संकोच नहीं,
सही जांच की है जरूरत
उम्मीद की नई किरण
बंसल नर्सिंग होम
डॉ. ममता बंसल
डॉ. अल्पना बंसल
डॉ. प्रियंका बंसल
श्री रामनवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
BANSAL NURSING HOME
ISO CERTIFIED
हम करते है आपका परिवार पूर्ण
बस्तर संभाग का प्रथम सर्व सुविधा युक्त आईवीएफ, फर्टिलिटी, टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
बालाजी वार्ड, जगदलपुर (बस्तर), फोन- 07782-224020 (क्लीनिक)


डॉ. हेमंत कुमार पैथोलॉजी लैब
M.B.B.S., D.C.P. (PATHOLOGY)
डॉ. हेमन्त कुमार
कम्प्यूटराईज्ड पैथोलॉजी लैब
ISO 9001:2015
(Quality Management System)
PATHOLOGY LAB
अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा टेस्ट की सुविधा
भारत की आस्था और अटूट श्रद्धा के सबल प्रतीक
प्रभु श्री राम सब पर अपनी कृपा बनाएं और सभी
के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य और सौभाग्य लाएं
श्री रामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
विशेष सुविधाएं:
थायराइड हार्मोस
T3,T4,Tsh (प्रतिदिन)
टाक्सोप्लाज्मा,
टार्च टेस्ट (प्रतिदिन)
C.B.C.(प्रतिदिन) -
QUANTITIVE
Q.B.C. MP: फ्लुरोसेन्ट
माइक्रोस्कोपी द्वारा
मलेरिया परीक्षण (on demand)
P.S.A. IgE, ASO,
Cardiac Markers: (प्रतिदिन)
RAF/CRP (प्रतिदिन)
FSH, LH, Protactin
प्रत्येक प्रकार के आवश्यक
रक्त, मल, मूत्र परीक्षण का
आपका विश्वसनीय संस्थान
MISPA I3
Nephiometry
MISPA NANO 200
Fully Auto Biochemistry Analyser
FULLY AUTOMATIC BIOCHEMISTRY ANALYZER
D10 BIORAD HPCL
For Accurate HBA1c Test
TIME
8:30am-8:30pm
SUNDAY
8:30am-2:00pm
VIDAS- For Thyroid
T3,T4,Tsh and all Harmones, Cardiac Markers
CELL COUNTER
For Complete Blood Count
अजय इंटरप्राइजेस के बाजू में, बालाजी वार्ड, जगदलपुर
बस्तर, छत्तीसगढ़. फोनः 07782 796175

## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायतों में स्थायी समिति का गठन 9 को

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत स्थायी समितियों में सदस्यों का निर्वाचन उनकी शक्तियां और कृत्य तथा सदस्यों का कार्यकाल और कामकाज के संचालन की प्रक्रिया नियम 1994 में बने प्रावधानों के तहत जनपद पंचायतों के स्थायी समिति का गठन किया जाना है। जिला एवं जनपद पंचायतों का स्थायी समिति का गठन हेतु 9 अप्रैल को 10:30 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में एवं जनपद पंचायतों के लिए संबंधित जनपद पंचायतों में आयोजित किया जाएगा एवं जिला पंचायत बीजापुर हेतु पीठासीन अधिकारी उत्तम सिंह पंचारी एवं सहायक पीठासीन अधिकारी हिमांशु साहू को नियुक्त किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत के स्थायी समितियों के सभापति का निर्वाचन के लिए जनपद पंचायत बीजापुर हेतु जागेश्वर कौशल को पीठासीन अधिकारी एवं हिमांशु साहू को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### आयुष्मान कार्ड महाअभियान की हो रही तैयारी



**जगदलपुर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के मार्गदर्शन में 9 और 10 अप्रैल को होने वाले आयुष्मान कार्ड महाअभियान के तैयारी हेतु समुदाय स्तर मे लोगों को अधिक से अधिक कार्ड बनाने हेतु चर्चा की गई एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सलाहकार पृथ्वी साहू, शहरी स्वास्थ्य इकाई से एम पल्लवी, चंचल जोशी, आरती के साथ शहरी मितानिन एमटी एवं शहरी मितानिन एरिया कॉर्डिनेटर भी शामिल रहे। साथ ही शहरी मितानिनों के द्वारा नव पदस्थ जिला प्रबंधक (शहरी) पीडी बस्तिया का स्वागत स्थानीय मंडी प्रांगण में किया गया।

### नियमितीकरण ही विकल्प : कवासी

# प्रबंधक संघ की हड़ताल का पहला दिन 902 प्रबंधक धरना स्थल पर डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज संघ अब सरकार के साथ आर-पार की लड़ाई के मूड में दिख रहा है। जिले में लघु वनोपज प्रबंधक संघ ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी है। संघ ने ये हड़ताल सात सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू की है।

प्रबंधक संघ की माने तो उनके प्रतिनिधि ने हड़ताल से पहले राज्य लघु वनोपज संघ के अधिकारियों से मुलाकात की थी। जिसमें लघु वनोपज संघ ने अपनी मांगों को अधिकारियों के सामने रखा था। फिर भी अधिकारियों की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया। इसलिए लघु वनोपज संघ ने हड़ताल पर जाने का फैसला किया। बताया जा रहा है कि यदि हड़ताल लंबी चली तो प्रदेश के 52 लाख लघु वनोपज संग्राहकों पर इसका असर पड़ेगा। प्रबंधक संघ के जिला अध्यक्ष राकेश कवासी ने कहा कि 37 वर्ष बीत गए अब हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं। अब नियमितीकरण के अलावा दूसरा कोई विकल्प हमे मंजूर नहीं है।

#### क्या है लघु वनोपज संघ की मांग

लघु वनोपज संघ की मांगों में पहली और प्रमुख मांग नियमितीकरण की है। इसके बाद वित्त विभाग से अनुमति मिलने पर भी प्रबंधकों को 7, 8, 9 ग्रेड पे नहीं मिलने से भी छत्तीसगढ़ लघु वनोपज प्रबंधक संघ नाराज है। लघु वनोपज संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामाधर ने बताया कि प्रबंधक पिछले 37 सालों से 14 लाख लघु वनोपज संगठनकर्ता परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं। जिनमें मुख्य रूप से तेंदूपत्ता संग्रहण, भुगतान, बोनस का वितरण,14 लाख परिवारों का बीमा, छात्रवृत्ति, 65 प्रकार के लघु वनोपज का न्यूनतम संग्रहण दर में संग्रहण शामिल हैं।

#### 37 साल पुरानी मांग अधूरी

आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ लघु वनोपज संग्रहण में पूरे देश मे नंबर एक है। लघु वनोपजों के संग्रहण में प्रदेश सरकार को 13 राष्ट्रीय अवार्ड भी मिले हैं। लघु वनोपज संघ के मुताबिक सरकार और अधिकारी 37 साल से प्रबंधकों का शोषण कर रहे हैं। 2016 में प्रबंधकों के लिए सेवा नियम भी लागू किया गया था। जिसमें साफ लिखा है कि एक साल की परिवीक्षा अवधि के बाद प्रबंधक नियमित माने जाएंगे। लेकिन उसे भी अब तक धरातल पर नहीं लाया गया है। यही वजह है कि संघ ने 5 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है।

### सीईओ पहुंचे गढ़िया प्रधानमंत्री आवास का सर्वे सूची जांचा



**लोहण्डीगुड़ा।** प्रधानमंत्री आवास सर्वे सूची में नाम शामिल करने को लेकर लोहण्डीगुड़ा जनपद पंचायत सीईओ धनेश्वर पांडे, ग्राम पंचायत गढ़िया सरपंच भरत कश्यप के साथ ग्रामवासियों बीच पहुंचे, जहाँ उनके पात्र लोगों की प्रधानमंत्री आवास सर्वे सूची में नाम शामिल किये। इस दौरान पांडेय ने कहा कि हर एक जो जरूरतमंद परिवार है। इस योजना के लाभ से वंचित न रहे सभी का अपना पक्का मकान बनाने इस योजना का लक्ष्य है। उन्होंने मौके पर ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना सरपंच भरत ने कहा कि सरकार की इस महती योजना से जरूरतमंदों के घर का सपना भी पूरा हो रहा है जिससे उनके जीवन में नया विश्वास और खुशियां भी आ रही है। इस अवसर पर पीलूराम बघेल,सुदरू सेठिया, सावेंद्र सेठिया, चेतन ग्वाल सहित अन्य सदस्यों उपस्थित थे।

## नोडल अधिकारी ने शिक्षकों की कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

गत वर्ष 5वीं व 8वीं की जिला स्तर पर केंद्रीकृत परीक्षा का आयोजन किया गया व जिले में अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन भी केंद्रीकृत विधि से करवाया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के निर्देशन पर आज बस्तर ब्लॉक के 8वी के लिये बनाये गए 2 मूल्यांकन केंद्रों का ए बी ई ओ सुशील तिवारी द्वारा अवलोकन किया गया। जिसमें बालक भानपुरी व कन्या सेजेस बस्तर शामिल थे। दोनों केंद्रों में मूल्यांकन का कार्य आज से प्रारम्भ कर दिया गया।

भानपुरी में मूल्यांकन कार्य मे जिनकी ड्यूटी लगी थी लगभग सभी उपस्थित होकर अपना कार्य प्रारम्भ कर दिया किंतु कन्या सेजेस में मूल्यांकन कार्य हेतु लगभग 120 लोगों की डयूटी लगाई गई थी जिसमे मात्र 61 टीचर ही उपस्थित पाए गए। इस पर अधिकारी द्वारा नाराजगी जाहिर की गई। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण व जरूरी कार्य की अवहेलना करना घोर लापरवाही को दर्शाता है, उन्होंने कहा कि अनुपस्थित टीचर यदि कल से अपने कार्य पर उपस्थित नही होते है तो अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी जिसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मूल्यांकन कर रहे कर्मचारियों से रूबरू होकर उत्तरपुस्तिका का भी अवलोकन अधिकारी द्वारा किया गया। मूल्यांकन प्रभारी चंद्रभान मिश्रा व टीके दुर्गम, सहायक प्रभारी नन्दकुमार पटेल व्याख्याता व गजेंद्र पाणिग्रही बनाये गए है। सहयोगी के रूप में श्रीनिवास तिवारी, संजय पाण्डेय व रोहिणी पाणिग्रही कार्य करते पाए गए। प्रतिदिन निरीक्षण की बात एबीईओ द्वारा कही गई है।

# महापौर ने सौंपी ट्रैक्टर की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



गर्मी में पानी की किल्लत से बचने के लिए निगम ने पहले से तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में महापौर संजय पाण्डे ने नगर निगम को 4 ट्रैक्टर सौंपे। 2 ट्रैक्टर ट्राली सहित स्वच्छता विभाग व 2 ट्रैक्टर जल विभाग को सौंपा। हर साल गर्मी में पानी की किल्लत होती है। इसे मद्देनजर रखते हुए महापौर के प्रयास से निगम को 4 ट्रैक्टर मिले हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अतिरिक्त ट्रैक्टर सौंपे जाने से अब पानी की किल्लत कम होगी। मालूम हो कि इस बार प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव की अनुशंसा पर डीएमएफटी फंड से 27 बोरिंग स्वीकृत हुए हैं। इस बार गर्मी में पेयजल संकट से निपटने निगम ने अथक प्रयास शुरू कर दिए हैं। नलकूप खनन का कार्य भी शहर में प्रारंभ हो गया है, जिससे कि शहर के लोगों को पर्याप्त पानी समय पर उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी मेंबर निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंधारी, लक्ष्मण झा, श्वेता बघेल, श्याम सुंदर बघेल, गायत्री बघेल, हरीश पारेख सहित निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बस्तर पंडुम नहीं बना हादसों का मंच, आदिवासियों की जिंदगी से न खेलें: लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बस्तर पंडुम जहां आदिवासी संस्कृति का उत्सव मनाया जा रहा हैं वह अब शासन की लापरवाही और सत्ता की दिखावटी भूख का शोकगीत बन गया है। पालनार से आदिवासी ग्रामीणों को पिकअप में भरकर जिस तरह बस्तर पंडुम के लिए रवाना किया गया, वो न सिर्फ़ प्रशासन की अमानवीयता को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि मौजूदा सरकार के लिए इंसानी ज़िंदगियों की कोई अहमियत नहीं रह गई है। जिस पिकअप में हादसा हुआ, उसमें ठूंस-ठूंसकर ग्रामीणों को भरकर रवाना किया गया, ताकि अमित शाह की सभा में भीड़ दिखाई जा सके क्या आदिवासी समुदाय की अस्मिता और सुरक्षा को इस तरह कुचलकर सत्ता के मंच की रौनक बढ़ाई जाएगी, इस हादसे में कई महिलाएं और ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए हैं, कुछ की उंगलियां तक कट गईं यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि सत्ता की जल्दबाज़ी और दिखावे की राजनीति का परिणाम है। एक तरफ़ मंच की चकाचौंध है, दूसरी तरफ़ अस्पतालों में कराहते हमारे आदिवासी भाई-बहन बस्तर की ज़मीन पर फिर से साबित हुआ कि सत्ता के नशे में डूबी सरकार को इंसान की नहीं भीड़ की ज़रूरत है। अमित शाह की सभा में तालियाँ गूंजें, इसके लिए पालनार की पगडंडियों पर मासूमों की चीखें गूंज रही हैं महिलाओं की उंगलियाँ कट गईं, बच्चों की हड्डियाँ टूटीं क्या यही सबका साथ, सबका विकास है।

बस्तर कोई भीड़ का मैदान नहीं, आदिवासियों की आत्मा है लेकिन डबल इंजन सरकार ने इसे तमाशे का मंच बना दिया है जहां इंसान सिर्फ़ संख्या बन गए हैं क्या विष्णुदेव की सरकार में आदिवासियों की सुरक्षा की कोई कीमत नहीं क्या अमित शाह की सभा के लिए जिंदगी दांव पर लगाना जरूरी था।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा की हम मांग करते हैं कि घायलों को अविलंब बेहतर इलाज मिले, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो और केंद्र व राज्य सरकार पीड़ितों को समुचित मुआवजा दे।

# समाज तभी आगे बढ़ेगा जब नशा पानी से दूर रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



यादव समाज मिलन समारोह रायकेरा परगना इच्छापुर में शनिवार को 28 गांव के समाज पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में सर्व प्रथम भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र पर दीपप्रज्वलन कर आरती किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संभागीय अध्यक्ष सरिता यादव सहित जिला पदाधिकारी व नाइक, पाईक व पानीग्राही की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस दौरान समाज के पदाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहाँ की रूढ़िवादी परंपरा को छोड़ने को लेकर समाज प्रमुखों ने आह्वान किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संभागीय अध्यक्ष सरिता यादव ने कहा कि किसी भी समाज को संगठित करने के लिए सर्वप्रथम नियम और अनुशासन का होना आवश्यक है।कई परिवारों से आकर एक समाज को संचालित करने चले हैं। सभी परिवारों व मतों को एक रूप देने के लिए नियम का होना आवश्यक होता है।समाज को संगठित करने के लिए आप सभी आगे आए उन्होंने कहा कि शिक्षा के अभाव में हम अनुशासन को कभी नहीं समझ सकते जो स्कूल नहीं गया समाज में नहीं आया तो उसके लिए नियम का क्या मतलब। उन्होंने आह्वान किया कि आप अपने बच्चों को शिक्षित कीजिए।अगर महिला मजबूत है तो वह परिवार मजबूत होता है।महिलाओं को भी अपनी जिम्मेदारी होना चाहिए गांव की संस्कृति को सहेज कर रखी है,शहर तक जाने नहीं दे।यादव समाज की संस्कृति को जिंदा रखना है हमारे बच्चे विकसित समाज की दिशा में बढ़ रहे है, कमी है ज्ञान की बच्चों को शिक्षित कीजिए।

पूर्व जिला सचिव प्रमोद यादव ने इस दौरान अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में नियम ऐसा हो की बहुत आसानी से शादी विवाह हो और दिखावा भी बिल्कुल भी ना करें। हमारे पुरखों से जो संपत्ति मिली है उसे हम सर्च कर रखें ताकि हमारे आने वाले पीढ़ी का काम आए यह चिंता का विषय है कि हमारे समाज को कैसे आगे बढ़े हम दो काम करके समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। पहला है शिक्षा,कोशिश करें कि हमारे बच्चों को अच्छा से पढ़ाई लिखाई कराये और बड़े अधिकारी बनाएं।हमारे पास बस एक ही रास्ता है बच्चों को पढ़ाये और उनको आगे बढ़ाएं। और दूसरा समाज तभी आगे बढ़ेगा जब नशा पानी से दूर रहेगा अगर नशा पानी करने का आदी हो गए हैं तो निश्चित रूप से समाज आगे नहीं बढ़ सकता चिंता कौन करता है एक स्वस्थ अच्छा व्यक्ति समाज का परिवार का चिंता करता है। एक शराबी व्यक्ति कभी नहीं करेगा समाज और परिवार का चिंता। परिवार कहां जा रहा है पता नहीं।इसलिए व्यसन मुक्त समाज।जो समाज तरक्की करता है। देखोगे नशा पानी से बहुत दूर रहते हैं।हम लोगों को सामूहिक सहभागिता से काम करना है।हमारे मंच में विराजमान है इन लोग जो बोलते हैं समाज के विकास के लिए उनके साथ देना है सरकार के बहुत से योजना चल रही है इन योजनाओं का लाभ लेना है।

इस दौरान पूर्व युवा अध्यक्ष प्रेम यादव, उपेंद्र यादव,भरत यादव, विष्णु यादव, डमरु यादव, रमेश यादव,फागु यादव, नीला यादव, ठिरली यादव,संतराम यादव,सुखराम यादव, खेमलाल यादव, बनमली यादव, पिंटू यादव, ढोलू राम यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थिति थे।

### सांसद से मिलकर श्रमिक संगठन ने प्रयास को सराहा



**किरंदुल।** ऐतिहासिक वक्फ संशोधन विधेयक के लोकसभा से पारित होने के उपरांत सांसद महेश कश्यप के माई दंतेश्वरी की पावन धरा में आगमन पश्चात भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, उपेंद्र त्रिपाठी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एवं विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता भारत के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतीय नववर्ष, वासंतीय नवरात्र एवं रामनवमी के पावन अवसर पर पारित इस विधेयक के लिए साधुवाद देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भारतीय मजदूर संघ की किरंदुल शाखा की ओर से बस्तर सांसद को पुष्पहार पहनाकर, मिष्ठान बांटकर प्रसन्नता व्यक्त की गईं।

# निःसंतान दंपतियों के लिए वरदान बना बंसल नर्सिंग होम

**बिजनेस साइड**

### दो और दंपतियों को मिला जुड़वा बच्चों का सुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आईवीएफ एक ऐसी तकनीक है जिससे निःसंतानता की समस्या से जूझ रहे दंपति माता - पिता बन सकते हैं। बंसल नर्सिंग होम में निःसंतानता का इलाज आधुनिक तकनीक से किया जाता है। इसी कड़ी में यहां आईवीएफ की सुविधा किफायती दाम में उपलब्ध है।

बस्तर संभाग के अलावा पड़ोसी राज्य उड़ीसा के निसंतान होने से हताश हो चुके दंपत्ति भी अब बंसल नर्सिंग होम पहुंचकर अपने परिवार का विस्तार कर रहे हैं। 2010 से अब तक 1600 से अधिक मरीजों को संतान सुख प्राप्त हो चुका है।

आईवीएफ, फर्टिलिटी एवं टेस्टट्यूब बेबी सेंटर बंसल नर्सिंग होम की डायरेक्टर वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ श्रीमती एस बंसल ने बताया कि हाल ही में पड़ोसी राज्य उड़ीसा के नवरंगपुर की 38 वर्षीया महिला एवं कोसागुमड़ा की 45 वर्षीया महिला को आईवीएफ पद्धति से इलाज कर दोनों को जुड़वा बच्चों की सौगात मिली है। नवरंगपुर की मरीज ने 2 स्वस्थ लड़कियों को जन्म दिया है वहीं कोसागुमड़ा की महिला को 2 लड़कों का सुख मिला है। हालांकि दोनों मेल शिशु का वजन कम होने की वजह से उन्हें कुछ दिनों के लिए बेहतर इलाज हेतु किड्स आईसीयू में रखा गया है। आईवीएफ के बाद दोनो ही मरीज लगातार 9 माह से डॉक्टर्स की ऑब्जर्वेशन में थे।

उन्होंने कहा कि अब साइंस ने इतनी तरक्की कर ली है कि कोई भी माता- पिता बनने के सुख से वंचित नहीं रहेगा।आईवीएफ एक ऐसी तकनीक है जिससे कोई भी दंपति माता - पिता बन सकता है। आईवीएफ का अर्थ इन विट्रो फर्टिलाइजेशन होता है। इसे आम बोलचाल में टेस्ट ट्यूब बेबी भी कहते हैं। यह प्राकृतिक तौर पर गर्भधारण में विफल हुए दंपतियों के लिए गर्भधारण का कृत्रिम माध्यम होता है। महिलाओं से निःसंतानता एक गंभीर समस्या है। इसमें महिलाओं को गर्भधारण में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आव्यूलेशन डिसआर्डर, फैलोपियन ट्यूब का बंद या क्षतिग्रस्त होना, एंडोमेट्रियोसिस, बच्चेदानी व उसके मुंह से जुड़ी समस्या आदि इसके प्रमुख कारण हैं। देरी से शादी, तनाव व गलत खानपान भी निःसंतानता के लिए जिम्मेदार है। कई मामलों में पुरुष के कमजोर शुक्राणुओं की वजह से गर्भधारण नहीं हो पाता। समय पर उपचार किया जाए तो निःसंतानता से छुटकारा मिल सकता है।

## बस्तर पण्डुम भाजपाइयों का ढोंग : तुलिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले में भाजपाइयों द्वारा आयोजित कार्यक्रम बस्तर पण्डुम सिर्फ एक ढोंग है और जनता के पैसों की बर्बादी है । जिस आयोजन के माध्यम से सरकार बस्तर की संस्कृति और परंपरा का बखान कर रही है और उसी आयोजन से पहले से तो बस्तर की आराध्य देवी दंतेश्वरी माई जी की तस्वीर गायब कर दी गयी और करोड़ो रुपय की बर्बादी करने के बाद हद तो तब पार हो गयी जब बात ग्रामीणों की जान पर बन आई ।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य तुलिका कर्मा ने इस पूरे मामले में बयान जारी करते हुए कहा कि बस्तर पण्डुम सिर्फ दिखावा मात्र है और असली मामला तो बैलाडीला पहाड़ के खदानों के आबंटन से जुड़ा हुआ है । गृहमंत्री अमित शाह जी का यह दौरा बिल्कुल भी बस्तर की परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए नही है बल्कि वे हम आदिवासीयों की जीवन को नष्ट करने यहाँ आ रहे है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण आज उनकी सभा शामिल हो ग्रामीणों के दुर्घटना से मिल चुका है ।अमित शाह जी का यह बस्तर दौरा सिर्फ अपने व्यवसायी दोस्त को खुश करने के लिए किया गया और पूरी रणनीति के तहत वे आ के ग्रामीणों से उनका जल -जंगल - जमीन हथियाने की तैयारी में है। जिस तरह से विगत के दिनों में बैलाडीला के पहाड़ों को आबंटन के लिए निकाला गया है और नगरनार स्टील प्लांट का विनिवेशीकरण किया जा रहा है यह निश्चित रूप से एक बड़े अंधकार भरे भविष्य की ओर इशारा कर रही है जिसका खामियाजा हम आदिवासियों को हमारी जल-जंगल - जमीन देकर चुकाना पड़ सकता है, जो कि हम कतई होने नही देंगे और हमारी आखिरी सांस तक हम हमारे संस्कृति और परम्परा को बचाने के लिए लड़ेंगे ।

# जैन समाज के युवाओं की प्रतिभा को मिल रहा मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा शहर के हाता ग्राउण्ड में चल रही 8 दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरूवार को होने वाले मैच खराब मौसम के चलते रद्द करने पड़े तो वहीं शुक्रवार को इस प्रतियोगिता में तीन मैच खेले गए। जिसमें पहला मैच धैर्य 11 एवं विनम्र 11 के मध्य खेला गया, धैर्य 11 ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर टीम 56 रन पर ही सीमट कर रह गई। तो वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी विनम्र 11 की टीम निर्धारित ओवर से पहले ही 3 विकेट खोकर 57 रन बनाकर टीम ने जीत हासिल कर ली। इस तरह विनम्र 11 की टीम को 7 विकेट से विजयी घोषित किया गया। विनम्र 11 की ओर से हर्षित जैन से बल्लेबाजी का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 26 रनों की नाबाद पारी खेली। एवं मैन ऑफ द मैच का खिताब भी अपने नाम किया। इसी तरह प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला शुभ 11 एवं संयम 11 के बीच खेला गया। शुभ 11 ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लेकर 7 विकेट खोकर 12 ओवर में 105 रन बनाए। प्रतिद्वंदी टीम संयम 11 को 106 रनों का लक्ष्य दिया। किन्तु लक्ष्य का पीछा करने उतरी संयम 11 के खिलाड़ियों के अथक प्रयासों के बावजूद टीम 84 रन पर ढेर हो गई। और शुभ 11 की टीम ने संयम 11 को 21 रन से हराकर प्रतियोगिता का दूसरा मैच अपने नाम कर लिया। शुभ 11 के कफ्तान एवं गेंदबाज राजेश बाफना ने प्रतिद्वंदी टीम को केवल 12 रन देकर 3 विकेट लेने पर उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। एवं शुक्रवार की प्रतियोगिता का अंतिम मैच सेवा 11 एवं मोक्ष 11 के बीच खेला गया। जिसमें मोक्ष 11 ने गेंदबाजी का निर्णय लेकर विपक्षी टीम सेवा 11 को पहले बल्लेबाजी का मौका दिया। सेवा 11 के खिलाड़ियों ने भी इस मौके को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में तब्दील करते हुए 95 रनों की एक अच्छी पारी खेली। इस दौरान मोक्ष 11 के गेंदबाज अंशुल गोलछा ने केवल 15 रन देकर सेवा 11 के 3 खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। तो नरेश रीढ़ को भी 1 विकेट प्राप्त हुआ। तो वहीं सेवा 11 की बल्लेबाजी समाप्त होने के पश्चात मोक्ष 11 पूरे 12 ओवर खेलने के बाद भी जीत के लिए जरूरी 96 रन न बना सकी।

